हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 मातृ मृत्यु प्रकरणः निजी चिकित्सकों, अस्पतालों...



07 खाद की किल्लत व ओवररेटिंग पर भड़की...



खबर संक्षेप

नवकार आराधना की पूर्णाहुति पर वरघोड़ा निकलेगा आज

नलखेड़ा। स्थानीय जैन श्वेताम्बर समाज में चल रही नव दिवसीय नवकार महामंत्र आराधना की पूर्णाहुति पर जैन समाज द्वारा नगर में नवकार मंत्र के रजत पट के साथ शोभा यात्रा निकाली जावेगी। जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित कलिकुण्ड तीर्थोधारक परम पूज्य राजेंद्रसूरीश्वर जी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 की निश्रा में विभिन्न धर्म आराधना के साथ नवकार मंत्र की 9 दिवसीय आराधना श्रीसंघ में चल रही उसी आराधना के समापन अवसर पर शुक्रवार को नगर में वरघोड़ा निकाला जावेगा। निकलने वाली इस शोभायात्रा में लाभार्थी परिवार रथ में चाँदी के नवकार मंत्र के बड़े पट को लेकर विभाजित रहेगा 1 अक्टूबर रात्रि को उपाश्रय जी में नवकार महामंत्र की भाव भक्ति का आयोजन रखा गया।

ग्रैंड पेरेंट्स मीट का हुआ आयोजन





नाहरगढ़ /मंदसौर। नगर की शिक्षण संस्था लिटिल आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल नाहरगढ़ में 1 अक्टूबर 26 गुरुवार को ग्रैंड पेरेंट्स मीट का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों के दादा दादी उपस्थित हुए साथ ही विद्यालय के बच्चों ने नाटक ओर खेल के माध्यम से मनोरंजन किया जिसके बाद पुरुस्कार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अभिभावक गण, विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।कार्यक्रम का संचालन सोनाली प्रजापत ने किया और प्रिंसिपल वासुदेव शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिलेभर में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। सभी जनपदों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविरों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सफाई मित्रों की ब्लड शुगर, हाई बीपी सहित सामान्य बीमारियों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निरूशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर के दौरान कई सफाई मित्रों को अपने ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर के स्तर की जानकारी पहली बार मिली। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही चिकित्सकों ने उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित जांच कराने की सलाह दी। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा सफाई मित्रों को पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

नपा कर्मचारियों को एक महीने से नहीं मिला वेतन


सीहोर। नगर पालिका के कर्मचारियों को पिछले एक महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से परेशान नियमित, दैनिक वेतनभोगी और आउटसोर्स कर्मचारियों ने सीएमओ सुधीर सिंह को ज्ञापन सौंपकर समय पर वेतन भुगतान की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले एक साल से हर महीने वेतन भुगतान में देरी हो रही है। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन समय पर नहीं मिलने से बैंक कर्ज की ईएमआई समय पर जमा नहीं हो पाती और पेनल्टी लग जाती है। बच्चों की फीस, घर के खर्च और दूसरी जरूरी जरूरतों पर भी असर पड़ रहा है।

कपास व मक्का की फसल के बीच पहाड़ी पर की जा रही थी अवैध खेती

शासकीय भूमि पर अवैध गांजे की खेती का रतलाम पुलिस ने किया भंडाफोड़

सरवन थाना क्षेत्र में 2,948 हरे गांजे के पौधे किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल





रतलाम जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार एवं नशे की खेती के विरुद्ध रतलाम पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सरवन क्षेत्रांतर्गत ग्राम उण्डेर में पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर कपास एवं मक्का की फसल के बीच अवैध रूप से की जा रही गांजे की खेती का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम द्वारा मौके से कुल 2,948 हरे गांजे के पौधे, जिनका कुल वजन लगभग 724 किलोग्राम तथा अनुमानित कीमत करीब 70 लाख है, जब्त किए गए हैं। मामले में धारा 8/20 ठऊढर एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

मुखबिर सूचना पर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

पुलिस को ग्राम उण्डेर क्षेत्र में अवैध रूप से गांजे की खेती किए जाने संबंधी मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर राकेश पंद्रो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में एवं रऊडढ सैलाना लेखराज मीणा (कढ र) के नेतृत्व में थाना सरवन, थाना सैलाना एवं थाना बाजना की पृथक-पृथक पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा ग्राम उणडेर में पहाड़ी किनारे स्थित खेतों एवं आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग करते हुए दबिश दी गई। सर्चिंग के दौरान शासकीय भूमि पर कपास एवं मक्का की फसल के बीच बड़ी संख्या में गांजे के हरे पौधे उगाए हुए पाए गए। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 2,948 गांजे के हरे पौधे उखड़वाकर जब्त किए गए। जब्त पौधों का कुल वजन 724 किलोग्राम तथा अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख आंकी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गांजे की खेती शासकीय भूमि पर की जा रही थी। पुलिस द्वारा उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती करने वाले व्यक्तियों एवं गांजे की खेती से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच की जा रही है। जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें प्रकरण में आरोपी बनाया जाएगा तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उनकी भूमिका निर्धारित करते हुए नियमानुसार प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा इस अवैध खेती के पीछे जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं नेटवर्क के संबंध में भी विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

नशे की तस्करी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी

रतलाम पुलिस द्वारा जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के साथ-साथ अवैध रूप से की जा रही नशे की खेती के विरुद्ध भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य नशे के अवैध कारोबार की पूरी श्रृंखला—उत्पादन, परिवहन एवं बिक्री—पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सराहनीय भूमिका-कार्रवाई में थाना प्रभारी सरवन निरीक्षक अर्जुन सेमलिया, थाना प्रभारी सैलाना निरीक्षक पिंकी आकाश, थाना प्रभारी बाजना निरीक्षक रविन्द्र दण्डोतिया, उप निरीक्षक खान, उप निरीक्षक जी.एल. मूरिया, सैलाना अनुभाग के समस्त थाना स्टाफ एवं साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रतलाम पुलिस का स्पष्ट संदेश नशे की खेती, तस्करी और अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। नशे के स्रोत तक पहुंचकर उसके विरुद्ध प्रभावी एवं वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



प्रभु कृपा से निराश्रित दिवंगतों के अंतिम संस्कार व अस्थि विसर्जन की सेवा की प्रेरणा मिली: बंसल

बंसल 3 अक्टूबर को हरिद्वार प्रस्थान करेंगे, अस्थि कलशों की विधिपूर्वक पूजा की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल अपने परंपरागत नियमित सेवा प्रकल्प के अंतर्गत 3 अक्टूबर शनिवार को निराश्रित दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर गंगा जी में प्रवाहित करने हरिद्वार प्रस्थान करेंगे। गुरुवार को अन्नक्षेत्र न्यास में संग्रहीत अस्थि कलश की बंसल ने विधि पूर्वक पूजन संपन्न की। पूजन विधि पं. पंकज उपाध्याय ने कराई।

इस अवसर पर बंसल ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा का यह प्रकल्प निरंतर जारी है जब तक वे जीवित है इस प्रकल्प को चलाते रहेंगे।उनके बाद उनके पुत्र शलभ बंसल इस परंपरा को निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विगत तीन दशकों से मेरे द्वारा पूज्य मातुश्री की स्मृति में स्थापित ट्रस्ट के माध्यम से सेवा का यह कार्य किया जा रहा है। कोरोना काल में भी कोरोना से मृतकों का अंतिम संस्कार किया। उनके भी अस्ति कलश गंगा जी में प्रवाहित किये। मेरे सेवा कार्य में मेरे परिवार सभी सहयोगी मित्रों और मीडिया का भी बहुत सहयोग रहता है। मेरा व्यक्तिगत या परिवार का भी कोई महत्वपूर्ण कार्य होता है और यदि अचानक किसी निराश्रित के दिवंगत होने की सूचना मिलती है तो मैं अपना व्यक्तिगत पारिवारिक व सामाजिक कार्य छोड़कर पहले इस सेवा को करता हूं। ईश्वर ही मुझे यह कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करते हैं।

बंसल 3 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे गणपति चौक स्थित उनके निवास से प्रस्थान करेंगे इस दौरान भी यदि किसी भी निराश्रित दिवंगत के अस्ति कलश उन्हें उपलब्ध कराएं तो उन्हें भी विधिपूर्वक गंगा में प्रवाहित किए जाएंगे। बंसल के साथ सर्व भरत शिंदे, कन्हैयालाल दया, चंद्रशेखर निगम, शम्भूसेन राठौड़, बंशी राठौर, शिव योगी, गोपाल शिंदे, गिरधारी माली, लक्ष्मीनारायण राठौर, राहुल कुमावत, सज्जन खिमेसरा, रामचंद्र भारती, गोपाल सेठिया व दिलीप सेठिया भी हरिद्वार इस पुनीत कार्य को संपन्न करने जाएंगे।

मंदसौर टेंट, लाइट, कैटर्स व डेकोर ओनर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण संपन्न



मंदसौर। मंदसौर टेंट, लाइट, कैटर्स एवं डेकोर ओनर एसोसिएशन का भव्य शपथ ग्रहण एवं नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरण समारोह सुंदरम वाटिका, मंदसौर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश, टेंट डीलर वेलफेयर सोसाइटी, भोपाल' के प्रदेश पदाधिकारी, बड़ी संख्या में स्थानीय व्यवसायी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष हनीफ शेख के साथ भाजपा जिला कार्यकारिणी के सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप सोनी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश, टेंट डीलर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मंदसौर जिले की कार्यकारिणी से चार सदस्यों को प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं। गोपाल शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष, संतोष शर्मा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, राहुल ओस्तवाल को प्रदेश सह-सचिव तथा आबिद मेव को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सतनाम सिंह होरा ने टेंट-व्यवसायियों को संबोधित करते हुए संगठन की ताकत और एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारियों को सदैव संगठित रहना चाहिए। संगठित होकर काम करेंगे तो ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने मधुमक्खी का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार मधुमक्खियां संगठित होकर काम करती हैं, उसी प्रकार व्यापारियों को भी एकजुट होकर रहना चाहिए। संगठन के साथ रहने से व्यापारियों को कई समस्याओं से बचने और सामूहिक रूप से उनका समाधान तलाशने में मदद मिलेगी। होरा ने व्यापार में आ रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि टेंट, डेकोरेशन और इवेंट के क्षेत्र में नित नई डिजाइन, नई तकनीक और नए ट्रेंड सामने आ रहे हैं। ऐसे में व्यापारियों के लिए जरूरी है कि वे समय के साथ स्वयं को अपडेट रखें। ग्राहकों की बदलती पसंद, नई डिजाइन और आधुनिक तकनीक को समझकर अपने काम में आवश्यक बदलाव करते रहना समय की जरूरत है।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन ह्यगट्ट भैयाह्न ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को संगठन के साथ मिलकर चलना चाहिए। उन्होंने सभी व्यापारियों से एक-दूसरे के प्रति समर्पित भावना रखते हुए सहयोग करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश, टेंट डीलर वेलफेयर सोसाइटी, भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन, प्रदेश महासचिव सतनाम सिंह होरा, प्रदेश समन्वय समिति सदस्य सुरेश पितलिया एवं राजेश जायसवाल, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, रवि ठकराल एवं दिलीप विश्वकर्मा आदि रहे मौजूद।

रहवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग की, सौंपा पत्र

मधुबन व साईं मंदिर कॉलोनी के निवासी 25 वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/ मंदसौर





भानपुरा में लोटखेड़ी रोड़ से सटी 25 सालों से भी अधिक पुरानी मधुबन कॉलोनी एवं समीपस्थ लगी हुई साईं मंदिर की दोनों कॉलोनियों के आधे- आधे हसन को वैध एवं आधे को अवैध हिस्सा माना गया है।

मधुबन कॉलोनी वार्ड नंबर 2 के अनेक निवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार भानपुरा के माध्यम से हस्ताक्षरित पत्र सौंप कर मांग की है कि नगर परिषद भानपुरा क्षेत्र में ढाई दशक से निवासरत अवैध कॉलोनी माने जाने के कारण अनेक निवासियों को सड़क, नाली, जल निकासी, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, प्लाटों के नामांतरण जैसी मूलभूत नागरिक सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है जिसे तत्काल जन सुविधाओं से बहाल किया जाए, कॉलोनी वासियों ने बताया कि सर्वे नंबर 1340 एवं 1342 में सांई मंदिर कॉलोनी एवं मधुबन कॉलोनी की भूमि को एक ही व्यक्ति द्वारा विक्रय की गई जिसमें 1340 को वैध एवं 1342 जो इस की सीमा से लगी हुई है को अवैध कॉलोनी नगर परिषद द्वारा दर्शाई गई है वहीं वार्ड नंबर 2 की तीसरे नंबर की सांई मंदिर कॉलोनी जो नगर परिषद भानपुरा वार्ड नंबर 2 के अंतर्गत आती है उसे ग्राम पंचायत लोटखेड़ी में जोड़ रखा है इसके कारण भी यहां के रहवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। मधुबन कॉलोनी के निवासी डॉक्टर प्रदुम्न भट्ट ,श्याम सुंदर विजयवर्गीय, दिनेश शर्मा, हरीश नामदेव, डॉक्टर अजय बगैरवाल, मोहन समेरिया ,गोपी कृष्णा बैरागी ,गोपाल बैरागी, रमेश चंद जोशी, राधेश्याम व्यास आदि ने उपरोक्त हस्ताक्षरित पत्र गरोठ विकासखंड राजस्व अधिकारी राहुल चौहान के नाम तहसीलदार मुकेश निगम को उनके कार्यालय में सौंपते हुए मांग की है कि मधुबन कॉलोनी जो कि वार्ड क्रमांक 2 के अंतर्गत ही आती है उक्त कॉलोनी वासी अनेक मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं उक्त कॉलोनी का आज तक विकास नहीं हुआ है सीसी रोड़ नहीं होने से बरसात के मौसम में पूरी कॉलोनी में कीचड़ ही कीचड़ जमा हो जाता है, गंदे पानी की निकासी नहीं होने से सभी घरों का गंदा पानी आम रास्ते पर जमा हो जाता है, जिससे गंभीर बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। उपरोक्त आवेदन कर्ताओं का कहना है कि मधुबन कॉलोनी के एक हिस्से को तो वैध घोषित कर दिया गया व आधे हिस्से को अवैध कॉलोनी की श्रेणी में रखा गया है जिससे कॉलोनी वासी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं ,पत्र में लिखा गया कि वार्ड 2 के पार्षद शीतल भूटानी द्वारा जन विश्वास यात्रा में जिला कलेक्टर महोदय को कॉलोनी वासियों की और से मूलभूत जन सुविधाओं के हेतु भी पत्र दिया गया था साथ ही नगर परिषद द्वारा कॉलोनी वासियों से सफाई विद्युत व्यवस्था कर संपत्ति कर आदि लंबे समय से लिए जा रहे हैं वहीं कॉलोनी में ना विद्युत वोल्टेज पूरा मिलते हैं और लाइट कटौती भी अनेक बार होती है ऐसी स्थिति में कॉलोनी वासियों को यथाशीघ्र जन सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। वहीं इस मामले में तहसीलदार भानपुरा मुकेश निगम ने बताया कि वार्ड नंबर 2 स्थित मधुबन एवं सांई मंदिर कॉलोनी वासियों ने पार्षद शीतल भूटानी के साथ तहसील कार्यालय में मुझे मूलभूत सुविधाओं से संबंधित पत्र सौंपा है जिसकी जांच करवाई जाकर नियमानुसार सुविधाओं को उपलब्ध करवाया जाएगा।

विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया

जिले में हुआ जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा का प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी एवं वाराणसी से वडनगर के लिए निकली ह्यजल, जन और सेवा संकल्प यात्राह्न का 1 अक्टूबर को मंदसौर जिले में प्रवेश हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। यात्रा के दोनों दलों का सीतामऊ क्षेत्र के रुणीजा एवं दलावदा से जिले में प्रवेश हुआ। यात्रा के जिले में प्रवेश पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। ढोल-ढमाकों, आतिशबाजी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच यात्रा का अभिनंदन किया गया। यात्रा के साथ आए सेवा यात्रियों का मालवी परंपरा के अनुसार साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया तथा प्राचीन द्वारकाधीश धाम की तस्वीर भेंट की गई। इस दौरान यात्रियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

रुणीजा में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, विधायक हरदीपसिंह डंग, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ एवं पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, जिला भाजपा महामंत्री गण शिवराज सिंह राणा घटावदा विजय सुराणा महेश जूनवाल रेखा मंदलिया ,जितेंद्र सिंह, जीवन शर्मा, यात्रा प्रभारी हितेश शुक्ला, चौहान , रामसिंह चौहान, सुशीला राठौर , दयाल रावत, अर्जुन सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भाजपा राष्ट्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को केंद्र में रखते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। ह्यजल, जन और सेवा संकल्प यात्राह्न सेवा, जनभागीदारी और सामाजिक सरोकारों को जन-जन से जोड़ने का माध्यम बन रही है।

सुवासरा में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सुवासरा में ह्यजल, जन एवं सेवा संकल्प यात्राह्न के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर , सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक हरदीपसिंह डंग, सेवा संकल्प अभियान जिला प्रभारी एवं विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। । यात्रा क्रमांक-1 सुवासरा, बसई, सीतामऊ ग्रामीण एवं कयामपुर मंडल से होकर गुजरी। इन मंडलों में मंडल अध्यक्ष दिलीपसिंह तरनोद, जुझारसिंह गुर्जर, धनसुख पाटीदार एवं महेंद्रसिंह गौड़ ने यात्रा के स्वागत एवं व्यवस्थाओं में सहभागिता की। यात्रा क्रमांक-1 का रात्रि विश्राम कयामपुर मंडल के नाहरगढ़ ग्राम में हुआ। अगले दिवस यह यात्रा नाहरगढ़ से निकलकर कोलवा, मुंदड़ी होते हुए मंदसौर नगर में संजीत मार्ग से प्रवेश करेगी जहां स्थानीय शुभकामना रिसोर्ट में यात्रा का भव्य स्वागत सम्मान किया जावेगा, साथ ही स्वच्छता प्रयोग का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित होगा। वहीं यात्रा क्रमांक-8 सीतामऊ, धुंधड़का एवं गुर्जरबडिया मंडल से होकर गुजरी। इन मंडलों में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र बामनिया, राजेश धाकड़ एवं भैरूलाल सेन सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा क्रमांक-8 का रात्रि विश्राम धुंधड़का मंडल में हुआ। अगले दिन यात्रा दलौदा एवं मगरा माताजी मंडल से होते हुए अपने निर्धारित मार्ग पर आगे प्रस्थान करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले में यात्रा के स्वागत एवं विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की। यात्रा के संयोजक एवं प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष हितेश शुक्ला तथा सह-संयोजक सुनील पटेल, अमन फरक्या, जितेंद्र शर्मा, रिंकू राठी एवं अंकित यादव द्वारा यात्रा की व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रमों का समन्वय किया गया।

खबर संक्षेप

चोरों ने 70 हजार से ज्यादा नकदी की चोरी

देवास। भोपाल रोड स्थित सेंट्रल इंडिया एकेडमी में बुधवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। करीब रात 3 बजे तीन बदमाश स्कूल परिसर में दाखिल हुए और कैश काउंटर का दरवाजा तोड़कर 70 हजार रुपए से अधिक की नकदी चोरी कर ले गए। पूरी वारदात स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। बदमाशों ने सबसे पहले कैश काउंटर को निशाना बनाया। दरवाजा तोड़कर वहां रखी नकदी निकाल ली। इसके बाद उन्होंने स्कूल के अन्य कमरों में भी सामान और दस्तावेज खंगाले, लेकिन वहां से उन्हें कुछ खास हाथ नहीं लगा। स्कूल प्रबंधन से जुड़े रीतेश धवल के अनुसार, बदमाश करीब 70 हजार रुपए से अधिक की नकदी चुरा ले गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद बीएनपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतकर चैम्पियन बने

देवास। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 26 से 30 सितंबर तक आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देवास के युवा मुक्केबाज अली अरहान खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और मप्र चैम्पियन बने। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, सागर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के 63 से 66 किलोग्राम वजन वर्ग में अली अरहान खान ने अपने मुकाबलों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वियों को परास्त किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

कलेक्टर ऋतु राज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

मातृ मृत्यु प्रकरण: निजी चिकित्सकों, अस्पतालों के विरुद्ध एफआईआर व कार्रवाई के दिए निर्देश

जोसफ हॉस्पिटल बागली का पंजीयन निरस्त, जांच समिति की रिपोर्ट के बाद प्रशासन की कार्रवाई, तत्काल प्रभाव से संचालन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतु राज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनसीडी स्क्रीनिंग, टीकाकरण, एनीमिया प्रबंधन, कुपोषण, टीबी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने मॉडरेट एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन की समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही पर बीएमओ बागली की एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बीपीएम बागली का 10 दिवस, शहरी नोडल अधिकारी का 5 दिवस, बीपीएम बरोठा का 10 दिवस तथा बीपीएम खातेगांव एवं कन्नौद का 15-15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। सीवियर एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन में लापरवाही पाए जाने पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी से लेकर निचले स्तर तक जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के 7-7 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

मातृ-मृत्यु प्रकरणों में लापरवाही पर सख्ती

बैठक में कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने मातृ मृत्यु प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित प्रकरणों में मृतक महिलाओं के परिजनों एवं स्वास्थ्य अमले से चर्चा कर जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने शिवनगर इटावा के मातृ-मृत्यु प्रकरण में निजी चिकित्सक डॉ. राहुल व्यास के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रामउदय अस्पताल (सीहोर), आशीर्वाद अस्पताल, मां पीतांबरा अस्पताल उज्जैन के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने संबंधित प्रकरण में शासन स्तर पर पत्र प्रेषित कर अस्पताल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सिंह ने स्पष्ट किया कि मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

घर पर प्रसव के प्रकरणों की समीक्षा

विकासखंडवार चार एएनसी चेकअप की समीक्षा के दौरान शहरी नोडल अधिकारी का कार्य संतोषजनक ना पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि डिलेवरी के वक्त ही हितग्राही की ई-केवाईसी डिटेल्स अपडेट की जाएं। जिला चिकित्सालय से रेफर आउट प्रकरणों की समीक्षा के दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा पवैया एवं डॉ. साधना वर्मा के कार्य की समीक्षा करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए। गैर संस्थागत प्रसव के 68 प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

जोसफ हॉस्पिटल बागली का पंजीयन निरस्त

ग्राम बरौली निवासी शंकरलाल द्वारा बागली स्थित जोसफ हॉस्पिटल में प्रसूति संबंधी लापरवाही को लेकर कलेक्टर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक (टीएल) में मामले पर संज्ञान लिया और जांच के निर्देश दिए। निर्देश के बाद सीएमएचओ सरोजनी जेम्स बैक द्वारा जांच समिति गठित की गई। समिति ने मामले की जांच कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि संबंधित हॉस्पिटल का संचालन मध्यप्रदेश नर्सिंग होम अधिनियम के अंतर्गत विधिसम्मत रूप से नहीं किया जा रहा था। जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह के आदेशानुसार जोसफ हॉस्पिटल बागली का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही हॉस्पिटल का संचालन बंद कर दिया गया है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, सीएमएचओ सरोजनी जेम्स बेक समेत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जिला अधिकारी, बीएमओ, सीडीपीओ, विकासखंड कार्यक्रम अधिकारी, बीईई, लेखापाल, सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

दूध के भाव बढ़ाने को लेकर दूध उत्पादकों ने किया प्रदर्शन

12 रुपए प्रति फैट बढ़ाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

दूध के भाव बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर दूध उत्पादक किसान संगठन से जुड़े किसानों ने बुधवार को इंदौर में आयोजित दूध डेयरी मांगलिया की वार्षिक साधारण सभा का बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने डेयरी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। दूध उत्पादक किसान संगठन के नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर में वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई थी।

इसमें इंदौर संभाग के साथ बड़वानी, अलीराजपुर, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, धार, बुरहानपुर सहित दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दूध उत्पादक प्रतिनिधि पहुंचे थे।किसानों का आरोप है कि वे दूध के भाव बढ़ाए जाने की उम्मीद लेकर सभा में पहुंचे थे, लेकिन प्रबंधन द्वारा भाव बढ़ाने से इनकार किए जाने पर किसानों में नाराजगी फैल गई। इसके बाद बड़ी संख्या में दूध उत्पादकों ने सभा का बहिष्कार कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।किसानों ने दूध का भाव 12 प्रति फैट किए जाने की मांग रखी। उनका कहना है कि कम बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। महाराष्ट्र सीमा से लगे क्षेत्रों के किसानों ने भी दूध के भाव में अंतर का हवाला देते हुए उचित मूल्य देने की मांग की।किसान नेता हंसराज मंडलोई ने दूध डेयरी के महाप्रबंधक मिश्रा को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

संगठन ने डेयरी की प्राथमिक समितियों के चुनाव कराने की मांग भी रखी। किसानों ने कहा कि मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान प्रहलाद जाट, राजेश दांगी, दशरथ सिंह मुरादपुरा, अशोक चौहान, सत्यनारायण, गणेश, समर सिंह सोलंकी, राधेश्याम पवार, रंजीत डांगी सहित बड़ी संख्या में दूध उत्पादक किसान मौजूद रहे।

174 स्थाई और 13 गिरफ्तारी वारंट तामील

देवास। फरार, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के लिए देवास पुलिस ने "ऑपरेशन हवालात" के तहत जिलेभर में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में एक साथ की गई कार्रवाई में पुलिस ने 174 स्थाई एवं 13 गिरफ्तारी वारंट तामील किए।अभियान के दौरान तामील किए गए 174 स्थाई वारंटों में 0 से 5 वर्ष पुराने 106, 5 वर्ष से अधिक अवधि के 43 और 10 वर्ष से अधिक पुराने 25 वारंट शामिल रहे। इस दौरान पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों तक पहुंच बनाई।अभियान में जिलेभर के करीब 200 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस टीमों ने समन्वित एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए वारंटियों की धरपकड़ की और न्यायालयीन आदेशों की तामील सुनिश्चित की। एसपी पुनीत गेहलोद ने कहा कि ऑपरेशन हवालात" के तहत फरार एवं वारंटी अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

मोखा पिपलिया में जन-जागरूकता बैठक हुई



चापडा। ग्राम मोखा पिपलिया में जन-जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा एवं पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को समझाया कि साइबर ठगी किस प्रकार होती है और अनजान फोन कॉल, लिंक, ओटीपी एवं ऑनलाइन लेन-देन के दौरान किस तरह सावधानी बरतनी चाहिए। ग्रामीणों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। बैठक के दौरान किसानों से भी चर्चा की गई। ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि यदि खेतों या गांव के आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति, मोटर चोरी करते हुए या चोरी की अन्य गतिविधि करता हुआ दिखाई दे, तो स्वयं कार्रवाई करने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर थाना प्रभारी सज्जन सिंह मीणा, पुलिस टीम एवं बजरंग सेना प्रदेश प्रभारी मोहित जाट, राजन सिंह राजपूत, सुरेश पाटीदार सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सेवादल की सद्भावना संकल्प यात्रा कल, राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

देवास। गांधी जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली सेवादल की सद्भावना संकल्प यात्रा इस वर्ष 3 अक्टूबर 2026, शनिवार को निकाली जाएगी। यात्रा को सफल बनाने के लिए सेवादल पदाधिकारियों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। सेवादल के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर सेवादल द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों से सद्भावना संकल्प यात्रा निकाली जाती है। सेवादल के शहर अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर ने बताया किमीना बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल से यात्रा प्रारंभ होगी।

वृद्धजनों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ जन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा वृद्धाश्रम 'बसेरा' देवास में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के अध्यक्ष कपिल मेहता ने वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनके सुख-दुःख और आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए विधिक साक्षरता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाइयों का वितरण किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेहता ने कहा कि कानून वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण के लिए हर स्तर पर संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी।

174 स्थाई और 13 गिरफ्तारी वारंट तामील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



फरार, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के लिए देवास पुलिस ने "ऑपरेशन हवालात" के तहत जिलेभर में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में एक साथ की गई कार्रवाई में पुलिस ने 174 स्थाई एवं 13 गिरफ्तारी वारंट तामील किए।अभियान के दौरान तामील किए गए 174 स्थाई वारंटों में 0 से 5 वर्ष पुराने 106, 5 वर्ष से अधिक अवधि के 43 और 10 वर्ष से अधिक पुराने 25 वारंट शामिल रहे। इस दौरान पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों तक पहुंच बनाई।अभियान में जिलेभर के करीब 200 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस टीमों ने समन्वित एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए वारंटियों की धरपकड़ की और न्यायालयीन आदेशों की तामील सुनिश्चित की। एसपी पुनीत गेहलोद ने कहा कि ऑपरेशन हवालात" के तहत फरार एवं वारंटी अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अधिकारी, कर्मचारियों ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, देवास के अधिकारियों और कर्मचारियों ने देवास में विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कर एक दिन, एक घंटा, एक साथ" नारे को साकार करते हुए सामूहिक रूप से श्रमदान किया। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने कार्यालय परिसरों, उसके आसपास के क्षेत्रों और कार्यस्थलों की सघन साफ-सफाई की। झाड़ू थामकर कचरा संग्रहण करने के साथ ही पूरे परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाया गया। इस सामूहिक प्रयास के माध्यम से बिजली कंपनी ने समाज को एक स्वच्छ और स्वस्थ कार्यस्थल का सशक्त संदेश दिया। सभी को दैनिक जीवन और कार्यालयीन कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान अधीक्षण यंत्री केतन रायपुरिया एवं कार्यपालन यंत्री सहित विद्युत वितरण कंपनी के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

ग्राइंडर का कटर गले में लगा, टाइल्स लगाने वाले 21 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सिविल लाइंस क्षेत्र में गुरुवार को टाइल्स लगाने का काम कर रहे 21 वर्षीय युवक की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। युवक ग्राइंडर मशीन से टाइल्स काटने का काम कर रहा था, इसी दौरान मशीन का कटर निकलकर उसके गले में जा लगा। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर के अनुसार घायल अवस्था में युवक को अस्पताल लाया गया था। उसकी पहचान असद अली पिता माजिद अली, उम्र 21 वर्ष, निवासी कर्मचारी कॉलोनी, देवास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार असद अली टाइल्स लगाने का कार्य करता था। गुरुवार को वह सिविल लाइंस ब्रिज के पास मनोज राजानी के मकान पर टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान ग्राइंडर मशीन का कटर अचानक निकल गया और उसके गले पर जा लगा। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिजन तत्काल असद को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

शिकायत पर सचिव ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

कृषि उपज मंडी में हम्माली की निर्धारित दर को लेकर किसानों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद मंडी प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया। किसानों के आवेदन के बाद मंडी सचिव कृष्णा राव अहाके ने मंडी परिसर का निरीक्षण कर हम्माली व्यवस्था का जायजा लिया। किसानों ने आवेदन में बताया कि मंडी में हम्माली की निर्धारित दर 10 रुपए प्रति क्विंटल है, जबकि 25 से 30 किलो की एक कट्टी को उपज खरीदी प्लेटफार्म से व्यापारी के गोदाम तक पहुंचाने के लिए ही 10 रुपए लिए जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस तरह प्रति कट्टी राशि लिए जाने से प्रति क्विंटल हम्माली निर्धारित दर से अधिक बैठ रही है, जिससे किसानों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है।किसानों ने मंडी प्रशासन से मांग की है कि उपज खरीदी प्लेटफार्म पर हम्माली की निर्धारित दर बड़े और स्पष्ट अक्षरों में लिखवाई जाए, ताकि किसानों को मौके पर ही अधिकृत दर की जानकारी मिल सके और हम्माली के नाम पर अतिरिक्त राशि की वसूली की स्थिति न बने।आवेदन मिलने के बाद मंडी सचिव ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हम्मालों की बैठक लेकर उन्हें निर्धारित दर के अनुसार ही हम्माली लेने की हिदायत दी जाएगी। मंडी प्रशासन की कार्रवाई के बाद अब किसानों को निर्धारित दर के अनुसार हम्माली वसूली की व्यवस्था होने की उम्मीद है।

तालाब सूखे तो अब पेयजल संकट की चिंता, सूखा ग्रस्त क्षेत्र करने की मांग

रानी दमयंती, राजा नल और बुदासा तालाब खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



कम बारिश के चलते भौरासा क्षेत्र में इस बार भी जलसंकट की आशंका गहराने लगी है। नगर के प्रमुख रानी दमयंती तालाब, राजा नल तालाब और बुदासा तालाब अब तक पानी से नहीं भर सके हैं।

तीनों तालाब खाली पड़े होने से जहां किसानों को फसल को लेकर चिंता सता रही है, वहीं आने वाले समय में पेयजल संकट की आशंका ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार भौरासा का रानी दमयंती तालाब करीब 200 बीघा क्षेत्र में फैला है। इन तालाबों का पानी क्षेत्र के भूजल स्तर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तालाबों के नहीं भरने का असर आसपास के गांवों और नगर के बोरवेल पर भी पड़ रहा है। पिछले दो-तीन वर्षों से पर्याप्त पानी नहीं आने के कारण कई बोरवेल पहले ही कमजोर हो चुके हैं या सूख गए हैं।

नीचे पहुंचा जलस्तर

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में भूजल स्तर करीब 500 से 700 फीट तक नीचे पहुंच गया है। अच्छी बारिश होने पर तालाब भरने से बोरवेल रिचार्ज होने की उम्मीद रहती है, लेकिन लगातार दूसरे वर्ष तालाब खाली रहने से यह उम्मीद भी कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। नगर के कुछ वार्डों में अभी से एक दिन छोड़कर पानी मिलने की बात भी सामने आ रही है। पिछले वर्ष नगर परिषद को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पानी लाकर लोगों की जरूरत पूरी करनी पड़ी थी। इस वर्ष भी तालाब नहीं भरने से लोगों के सामने सवाल है कि आने वाले दिनों में पेयजल की व्यवस्था कैसे होगी।

सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

जलसंकट की आशंका को देखते हुए अब स्थानीय लोगों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग उठाई जा रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को समय रहते स्थिति का आकलन कर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से पेयजल सप्लाई में होने वाली पानी की बर्बादी रोकने, जलस्त्रोतों की स्थिति की समीक्षा करने और आगामी समय के लिए वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था की तैयारी करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो खेती के साथ-साथ आने वाले दिनों में पेयजल संकट भी गंभीर रूप ले सकता है।

गायत्री परिवार ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर गायत्री परिवार की ओर से वरिष्ठजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पं. भगवती प्रसाद जोशी ने कहा कि वरिष्ठजन परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभवों से सीख लेकर नई पीढ़ी जीवन को सफल और सार्थक बना सकती है। उन्होंने वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य, अधिकारों और गरिमापूर्ण जीवन के लिए समाज से समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।जोशी ने स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए संयमित जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, योग और प्राणायाम को उपयोगी बताया। विशेष अतिथि सौभाग सिंह ठाकुर एवं शिवनारायण शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता रमेश चंद मेहता ने की। इस अवसर पर पं. भगवती प्रसाद जोशी, शिव प्रकाश गुप्ता, दयाराम मेनिया और राजाराम प्रजापत का सम्मान कर उन्हें परम पूज्य सतगुरुदेव का सत्साहित्य भेंट किया गया। कार्यक्रम में रघुनाथ सिंह ठाकुर, अरविंद मेहता, लक्ष्मीनारायण राठौर, संजय धाकड़, रजत नामदेव सहित परिजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दरवाजे पर बैठे व्यक्ति से गाली-गलौज के बाद मारपीट

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम चौबारा में घर के दरवाजे पर बैठे व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहल्ले का एक व्यक्ति बिना किसी वजह के उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर लात-घूंसों और डंडे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर चला गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम चौबारा निवासी सुरेश पुत्र हीरालाल रजक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 सितंबर की शाम करीब छह बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे हुए थे। इसी दौरान उसी मोहल्ले का रहने वाला गोकल पुत्र रामप्रसाद रजक वहां पहुंचा और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगा। उन्होंने गोकल को गाली देने से मना किया। आरोप है कि इससे नाराज होकर गोकल ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

मजदूरी के 200 रुपए को लेकर विवाद, बाइक रोककर मारपीट की

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम गेवरा में मजदूरी के महज 200 रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि मजदूरी के रुपए मांगने को लेकर तीन लोगों ने रास्ते में बाइक रोककर युवक और उसके नाबालिग भतीजे के साथ मारपीट की। तहरीर पर पूराकलां पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गेवरा निवासी सुंदर पुत्र पूरन अहिरवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसे गांव के ही गुलई को मजदूरी के 200 रुपए देने थे। आरोप है कि 30 सितंबर की सुबह करीब आठ बजे वह अपने भतीजे अभिराज पुत्र रामप्रसाद के साथ मोटरसाइकिल से गांव की चक्की पर गेहूं पिसवाने गया था। वहां से दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। सुंदर के मुताबिक, गांव के आम रास्ते पर पहुंचने पर पहले से मौजूद गुलई और उसके साथियों ने उनकी बाइक रोक ली और मजदूरी के रुपए मांगने लगे। पीड़ित ने बताया कि उसने रुपए शाम तक देने की बात कही, लेकिन आरोपी गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने सुंदर और उसके भतीजे अभिराज के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद उसने थाना पूराकलां पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पूराकलां पुलिस ने गुलई पुत्र मुन्जा अहिरवार, संतोष पुत्र जवाहर अहिरवार, राजेश पुत्र जवाहर अहिरवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों ने सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। नेहरू नगर में नेहरू युवा केंद्र के पास रहने वाले मोहल्लेवासियों ने क्षेत्र की खराब सड़क की समस्या को लेकर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को ज्ञापन सौंपकर सीसी रोड निर्माण कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि नेहरू युवा केंद्र के पास मेन रोड से अंदर जाने वाली गली में आनंद सरदार के घर तक सड़क की स्थिति खराब है। बारिश के दौरान मार्ग पर कीचड़ एवं जलभराव होने से आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मोहल्लेवासियों ने मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण कराने की मांग की। इस अवसर पर आनंद सिंह, महेन्द्र पाल, करामत सरदार, मनीष सरदार, पीपी सरदार, रामकुमार सरदार, काजल सरदार, राजकुमारी, गजराज सिंह, श्यामानंदी, दिनेश, सीमा, मोनिका, महक, घनश्याम, दिनेश कुमार, रामकिशन, अमित कुमार, तरुण, धनराज, फिल्म सानिया, सूरज एवं बिपिन सहित अन्य मोहल्लेवासियों के हस्ताक्षर रहे।

लेखक संघ की नई कार्यकारिणी गठित

विदिशा। मप्र लेखक संघ इकाई विदिशा की बैठक किरी मोहल्ला पर हुई। सर्वसम्मति से निवर्तमान अध्यक्ष पं. विजय चतुर्वेदी को जिला संयोजक तथा परमानंद मिश्रा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नंद कुमार तिवारी एवं शिव कुमार तिवारी को उपाध्यक्ष और पं. सुशील शर्मा 'सरल' को सचिव बनाया गया। बैठक में अधिक से अधिक नवीन आजीवन एवं वार्षिक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया।

किसानों के हक से खिलवाड़ पर डीएम सख्त, नकली खाद के कारोबार पर कसा शिकंजा

किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं, नकली खाद-बीज विक्रेताओं पर आगे भी होगी कार्रवाई

अवैध खाद री-पैकिंग के काले कारोबार पर जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई, मकान सील और एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

किसानों को निर्धारित दर पर सुगमतापूर्वक और असली उर्वरक, खाद उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश बेहद संवेदनशील हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जनपद के अन्नदाताओं के हितों के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय या खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कालेबाजारी और मिलावटखोरी करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसी क्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कड़े निर्देशों पर कृषि विभागए प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में अवैध उर्वरक के कारोबार पर एक बड़ी और त्वरित कार्रवाई की गई है।

संदिग्ध ठिकाने पर अचानक छापा, अवैध री-पैकिंग का भंडाफोड़



30 सितंबर को दोपहर लगभग 1 बजे जिला कृषि अधिकारी, अपर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार और प्रधान सहायक रामनारायण चौरसिया की टीम ने ग्राम पनारी, सुरई घाट रोड, पंचमुखी मंदिर के सामनेद्ध में स्थित एक मकान परिसर में आकस्मिक छापा मारा। मौके पर पाया गया कि इफको डीएपी की बोरियों में संदिग्ध और नकली उर्वरक भरकर उसकी री.पैकिंग का अवैध धंधा धड़ल्ले से चल रहा था। वहां मौजूद पुष्पेंद्र मिश्रा नाम का व्यक्ति किसानों से संपर्क कर इस संदिग्ध खाद की बिक्री करवा रहा था। छापेमारी के दौरान मौके से 217 बैग भरी हुई संदिग्ध इफको डीएपी,भारी मात्रा में खाली बोरियां, बारदाना, काला दानेदार प्रोडक्ट डीएपी जैसा दिखने वाला, बोरी सिलने वाला धागा, सिलाई मशीन और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा; तराजू बरामद किया गया। जांच के लिए संदिग्ध डीएपी के दो नमूने भी अधिग्रहीत किए गए हैं।

मकान सील, आरोपियों पर दर्ज की एफआईआर

उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल, नायब तहसीलदार योगेंद्र सिंह और पुलिस टीम की उपस्थिति में पूरे परिसर की वीडियोग्राफी कराकर उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद आरोपी पुष्पेंद्र मिश्रा, मकान मालिक कैलाशनारायण पुरोहित और मौके से भागे एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम.1955 की धारा 3/7 एवं उर्वरक ; नियंत्रणद्ध आदेश 1985 के तहत कोतवाली ललितपुर में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

जिलाधिकारी की किसानों से अपील

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी बहकावे में न आएं और उर्वरकों की खरीदारी केवल पंजीकृत और प्राधिकृत सहकारी संस्थाओं से ही करें। यदि कहीं भी अवैध भंडारण या नकली खाद, बीज व कीटनाशक की शिकायत मिलती हैए तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। किसानों के हक पर डाका डालने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इस प्रकार की सूचना संज्ञान में आते ही तत्काल प्रभाव से इसी प्रकार से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जय अंबे रक्तदान समिति के रक्त वीरों को किया सम्मानित



ललितपुर। विगत 20 वर्षों से हजारों जरूरतमंदों की मदद करती चली आ रही जय अंबे रक्तदान समिति के रक्तदाता शिवम श्रीवास्तव फहीम खान जितेंद्र कुशवाहा तीनों रक्तदाताओं ने अनेकों बार जरूरतमंदों को रक्तदान करते चले आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर समिति के तीनों रक्तवीर शिवम श्रीवास्तव एवं फहीम खान और जितेंद्र कुशवाहा को स्मृति चिन्ह तथा प्रशासित पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज आदि रहे।

कोटे की दुकान में 4.72 क्विंटल गेहूं और 54 किलो चावल कम मिला, मुकदमा

मड़ावरा में एसडीएम व पूर्ति निरीक्षक के निरीक्षण में खुली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तहसील मड़ावरा क्षेत्र में उचित दर की दुकान के औचक निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न के स्टॉक में कमी मिलने का मामला सामने आया है। भौतिक सत्यापन में निर्धारित स्टॉक की तुलना में 4.72 क्विंटल गेहूं, 0.54 क्विंटल यानी 54 किलो चावल और एक किलो चीनी कम मिली। स्टॉक रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं कराया गया। मामले में पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने सहकारी समिति के सचिव और कोटे के सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बीती 25 सितंबर को सुबह 11.25 बजे उपजिलाधिकारी मड़ावरा और पूर्ति निरीक्षक हेमन्त कुमार जोशी ने ग्राम पंचायत मड़ावरा स्थित साधन सहकारी समिति की उचित दर दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान पर सेल्समैन राजाराम पाल मौजूद मिले। आरोप है कि निरीक्षण के दौरान दुकान खोलने में आनाकानी की गई। शुरुआत में दुकान की चाबी और ई-पॉस मशीन भी उपलब्ध नहीं कराई गई। बाद में दुकान खुलने पर स्मार्ट पीडीएस पोर्टल पर दर्ज स्टॉक के अनुसार खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन कराया गया। भौतिक सत्यापन में ऑनलाइन अभिलेखों में दर्ज मात्रा और मौके पर उपलब्ध खाद्यान्न में अंतर मिला। जांच के दौरान 4.72 क्विंटल गेहूं, 0.54 क्विंटल चावल और एक किलोग्राम चीनी कम पाई गई। निरीक्षण के दौरान सेल्समैन द्वारा स्टॉक रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

अधिकारियों द्वारा स्टॉक में कमी के संबंध में जानकारी मांगे जाने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। पूर्ति विभाग की ओर से दर्ज शिकायत के अनुसार, उपलब्ध स्टॉक में कमी और अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने के आधार पर खाद्यान्न के कार्डधारकों में वितरण के बजाय उसके दुरुपयोग एवं कालाबाजारी किए जाने की आशंका सामने आई। जिलाधिकारी की अनुमति और अनुमोदन के बाद पूर्ति निरीक्षक हेमन्त कुमार जोशी की तहरीर पर थाना मड़ावरा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले में साधन सहकारी समिति के सचिव और सेल्समैन राजाराम पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

डीएपी-यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता, कालाबाजारी पर कार्रवाई की मांग

खाद की किल्लत व ओवररेटिंग पर भड़की स्वामी ब्रह्मानंद ब्रिगेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रबी फसल की बुआई के बीच खाद की कथित किल्लत, निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूले जाने और नकली खाद की कालाबाजारी के आरोपों को लेकर स्वामी ब्रह्मानन्द ब्रिगेड ने प्रशासन का ध्यान किसानों की समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया है।

संगठन जिलाध्यक्ष देवसिंह राजपूत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी व ओवररेटिंग पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि रबी की फसल की बुआई का समय चल रहा है, ऐसे में किसानों को डीएपी और यूरिया जैसी आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। संगठन ने जनपद की सहकारी समितियों एवं सरकारी खाद केंद्रों पर तत्काल पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि सरकारी समितियों पर खाद उपलब्ध न होने का फायदा उठाकर कुछ निजी खाद विक्रेताओं और बिचौलियों द्वारा निर्धारित कीमत से 200 से 400 रुपए प्रति बोरी तक अधिक वसूली किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। संगठन ने ऐसे विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कराने और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि खाद लेने के लिए किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

ऐसे में वितरण केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाए, जिससे वास्तविक किसानों को निर्धारित दर पर आसानी से खाद मिल सके। ब्रिगेड ने खरीफ सीजन में खराब हुई उड़द, मूंग, सोयाबीन आदि फसलों का भी मुद्दा उठाया। संगठन ने प्रभावित किसानों की फसल क्षति का आकलन कराकर उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। इसके साथ ही किसानों के कृषि संबंधी कर्ज माफ किए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि किसानों को समय पर और निर्धारित कीमत पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो रबी फसलों की बुआई प्रभावित हो सकती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से खाद की उपलब्धता, मूल्य और वितरण व्यवस्था की प्रभावी निगरानी कर किसानों की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में स्वामी ब्रह्मानन्द ब्रिगेड जिलाध्यक्ष देवसिंह राजपूत, अनुराग सिंह एड., रानू, अजय, माधव सिंह, कल्लू दानवी, देवेन्द्र सहित अन्य पदाधिकारी, सहयोगी सदस्य एवं स्थानीय किसान मौजूद रहे।

भूकंप आपदा से निपटने...

दो दिवसीय टेबल टॉक एक्सरसाइज और मॉकड्रिल का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपद में भूकंप आपदा से बचाव, त्वरित राहत एवं विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम की रूपरेखा निम्न अनुसार निर्धारित की गई है

2 अक्टूबर (समयः सुबह 11 बजे): जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ललितपुर के मीटिंग हॉल में भूकंप आपदा से संबंधित टेबल टॉक एक्सरसाइज आयोजित होगी।

3 अक्टूबर 2026 (समयः प्रातः 11:00 बजे): श्री दीपचंद महाविद्यालय, ललितपुर में भूकंप आपदा से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

4 अक्टूबर 2026: जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में टेबल टॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी।

5 अक्टूबर 2026: घंटाघर परिसर में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, यातायात पुलिस, अग्निशमन विभाग, सिविल डिफेंस, समस्त आपदा मित्र, एनजीओ, शिक्षा विभाग, ग्वाला एकेडमी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का समस्त स्टाफ, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (8वीं वाहिनी एनडीआरएफ, गाजियाबाद) तथा समस्त मीडिया एवं न्यूज पेपर प्रभारियों की सहभागिता अनिवार्य की गई है। कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी या किसी भी अन्य पूछताछ के लिए आपदा विशेषज्ञ से संपर्क किया जा सकता है।

सदर तहसील में जनशिकायतें सुनेंगे जिलाधिकारी

3 अक्टूबर को जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित होगा संपूर्ण समाधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शासन के निर्देशानुसार जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध व त्वरित निस्तारण के लिए 3 अक्टूबर को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान आयोजित किया जाएगा। जिसके क्रम में जिलाधिकारी तहसील ललितपुर में जनशिकायतें सुनेंगे। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी तहसील तालबेहट एवं संबंधित उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराएंगे। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कराएं।

खड़ोवरा के इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी

विद्यार्थियों ने दिखाए नवाचार और वैज्ञानिक सोच के मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पं. रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज खड़ोवरा में विज्ञान प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित विभिन्न आकर्षक और उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आधुनिक खेती एवं पारंपरिक कृषि पद्धतियों, जल संरक्षण, विद्युत, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण सहित विज्ञान के विभिन्न उपयोगी विषयों पर मॉडल तैयार किए। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के साथ-साथ पारंपरिक खेती के महत्व को भी प्रदर्शित किया। छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में मौजूद अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को अपने-अपने मॉडल की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और उसके पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों की जानकारी दी।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों और उनकी वैज्ञानिक समझ को देखकर उपस्थित लोगों ने उनकी सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनियां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार तथा प्रयोगात्मक सीखने की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे आयोजनों



से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कल्पनाशीलता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

सीडीओ ने अधिकारियों को दिए शत-प्रतिशत अभियान सफल बनाने के निर्देश

हाई रिस्क गांवों व वार्डों में सफाई और एंटी-लार्वा छिड़काव पर जोर

डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर माइक्रोप्लान तैयार करने के दिए निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अक्टूबर माह में संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सीडीओ शेषनाथ चौहान ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न सहयोगी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

सीएमओ डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी संबंधित विभागों को समय से अपनी-अपनी गतिविधियों का माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने पीपीटी के माध्यम से शासन की गाइडलाइन के अनुसार विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान डेंगू, मलेरिया सहित जल-जनित एवं



मच्छर-जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से घरों एवं आसपास खुले स्थानों पर साफ पानी जमा न होने देने की अपील की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर समय से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग को पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर चिन्हित किए गए हाई रिस्क गांवों एवं संवेदनशील वार्डों की सूची उपलब्ध कराई गई। इन क्षेत्रों में रुके हुए पानी की निकासी, नालियों की सघन सफाई, जलभराव वाले गड्ढों को मिट्टी से भरने तथा मच्छरों के आश्रय स्थलों को नष्ट करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही झाड़ियों की कटाई, लार्वानाशक दवाओं एवं एंटी-लार्वा केमिकल का नियमित छिड़काव कराने पर विशेष जोर दिया गया।

संबंधित विभागों को फील्ड स्तर पर गतिविधियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए। सीडीओ शेषनाथ चौहान ने कहा कि पिछले अभियानों के दौरान सामने आई कमियों को इस बार प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। सभी अधिकारी अपने विभाग का माइक्रोप्लान तैयार कर उसके अनुसार फील्ड गतिविधियां सुनिश्चित करें। उन्होंने अभियान की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को प्रभावी बनाने और जनपद की राज्य स्तरीय प्रगति एवं फीडबैक को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में नोडल वीबीडी डॉ. आर.एन. सोनी, नोडल अर्बन डा.राजेश भारती, एपिडेमियोलॉजिस्ट डा.देशराज, डीसीपीएम गणेश टेगुरिया, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक सहित बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज, नगर विकास, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा सूचना विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

मजदूरी करते समय ट्रैक्टर पलटा, 35 वर्षीय युवक की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गिरिराज कॉलोनी में मजदूरी करते समय ट्रैक्टर पलटने से उसकी चपेट में आए 35 वर्षीय मजदूर सोनू कुशवाह की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद गंभीर हालत में सोनू को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। सोनू कॉलोनी में मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर पलट गया और सोनू उसकी चपेट में आकर दब गया। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला और गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इलाज के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

भावांतर योजना में पंजीयन 17 तक

विदिशा। खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के तहत सोयाबीन फसल के पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है। किसान 3 से 17 अक्टूबर तक ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल का पंजीयन करा सकेंगे। किसानों की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकेगा।

आरकेएसके का साथिया समागम कार्यक्रम का आयोजन किया

किशोर-किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा





राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय साथिया समागम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने साथिया कार्यक्रम की कार्यप्रणाली को समझा और साथिया बच्चों से सीधे संवाद कर उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों के कारण किशोर-किशोरियों के मन में अनेक जिज्ञासाएं और प्रश्न उत्पन्न होते हैं। यदि सही समय पर उन्हें सही मार्गदर्शन और सटीक जानकारी मिल जाए, तो उनके मन में नकारात्मक भाव पैदा नहीं होते। उन्होंने सचेत किया कि कम आयु में विवाह, नशा और गलत संगति पूरे जीवन को अंधकारमय बना सकती है। इन्हीं संवेदनशील विषयों पर उपस्थित किशोर-किशोरियों ने जीवंत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिनकी उपस्थितजनों ने जमकर सराहना की।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी व साथिया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित श्उमंग क्लिनिकश में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने के लिए जिला चिकित्सालय से तनुशिखा, ब्यावरा से कविता दांगी तथा पचोर से प्रीति यादव को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिले में साथिया बच्चों का शत-प्रतिशत डेटा संकलन करने के उल्लेखनीय कार्य हेतु सारंगपुर के मास्टर ट्रेनर संदीप भिलाला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले एवं मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा प्रत्येक विकासखंड से चयनित दो-दो आशा कार्यकर्ताओं व आशा सुपरवाइजरों के अलावा आरकेएसके कार्यक्रम में निरंतर सहयोग देने वाले शिक्षकों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मंच से सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा, डीसीएम सुनील वर्मा, यूएनएफपीए प्रतिनिधि नेहा पांडे, बीएम लखन सिंह, कार्यक्रम समन्वयक वरुण दुबे सहित समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर और ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी मिलन समारोह आयोजित

महिलाओं व बच्चों को स्वास्थ्य, टीकाकरण, आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी मिलन समारोह का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 12 (1) एवं 12 (3) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा एवं शिक्षिका मंगल वैध उपस्थित रहीं। अतिथियों ने महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए गोद भराई, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रंगोली सहित स्थानीय गतिविधियों के आयोजन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा गोस्वामी, मनीता पाल तथा सहायिका रजनी वर्मा एवं बिलकिस बी को सम्मानित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान में महिलाओं का किया सम्मान

प्रधानमंत्री ने 25 साल की सेवा के दौरान 1 घंटे भी छुट्टी नहीं लीः अमित शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भाजपा मंडल ब्यावरा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा एक माह के सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को वार्ड क्रमांक 6 और 8 पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा पूर्व जिला मंत्री अभियान मंडल प्रभारी सविता तायल ने की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, बहनों का उपहार देकर सम्मान किया। आँगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भाजपा पूर्व जिला महामंत्री ब्यावरा मंडल प्रभारी पंडित अमित शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहा है हमारे प्रधानमंत्री ने 25 साल की देश सेवा में 1 घंटे की छुट्टी नहीं लेते हुए निरंतर देश सेवा में लगे रहे। मध्य प्रदेश की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही हैं भाजपा सरकार ने प्रदेश की लाखों बहनों को लाड़ली बहना योजना से जोड़ा है हर महीने 1500 से रुपए बहनों को दिए जा रहे हैं। आगे चलकर ये राशि धीरे धीरे-धीरे 3000 हजार तक पहुंचेगी। मंडल अध्यक्ष राजू यादव, प्रदेश प्रभारी अजा मोर्चा नेता गोपाल जाटव,नपा पार्षद विष्णु साहू, नपा पार्षद जया मकलेश चौहान,वरिष्ठ पार्षद प्रकाश मोगिया, आशा शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरराज लववंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

कालीसिंध नदी के स्टॉप डैम के गेट बंद कर जल संरक्षण की पहल

गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए नपा ने शुरू किया जल संग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

आगामी गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो और नागरिकों को नियमित एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने जल संरक्षण की पहल शुरू की है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की उपस्थिति में कालीसिंध नदी पर बने पुराने स्टाप डेम के गेट बंद कराने का कार्य प्रारंभ कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वर्षा ऋतु के बाद नदी में उपलब्ध पानी का संरक्षण आवश्यक है, ताकि आगामी दिनों में शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा किया जा सके। स्टाप डेम के गेट बंद होने से कालीसिंध नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी का संग्रहण होगा, जिससे जल स्तर में सुधार आने की उम्मीद है। इससे शहर में नियमित पेयजल प्रदाय बनाए रखने में मदद मिलेगी और गर्मी के दौरान जल संकट की स्थिति से बचाव हो सकेगा।इस जल संरक्षण कार्य से भू-जल स्तर (वाटर टेबल) में भी सुधार होने की संभावना है। नगर पालिका द्वारा नगरहित में जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद गोपाल पाल, पार्षद अमित गिरजे, राकेश पुष्पद, पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल अहिरवार, भानु लववंशी एवं नगर पालिका जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे सहित अन्य उपस्थित रहे।

छात्रावास में रहकर पढ़ाई की

मेहनत से हासिल किया मप्र पुलिस में मुकाम

ब्यावरा। ग्राम सुस्याहेड़ी निवासी ईश्वर वर्मा ने मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सफलता हासिल की है। वे वर्ष 2017-18 में सीनियर बालक छात्रावास, सारंगपुर में रहे। छात्रावास के तत्कालीन अधीक्षक के मार्गदर्शन, अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के सहयोग ने उनकी पढ़ाई एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



निरंतर मेहनत के परिणामस्वरूप वर्ष 2022 में उनका मध्यप्रदेश पुलिस (डीईएफ) में चयन हुआ। वर्तमान में वे भोपाल में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ईश्वर वर्मा की सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सपनों को साकार किया जा सकता है।

सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत पर दो पेट्रोल पंपों की जांच में अनियमितताएं मिलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सीएम हेल्पलाइन पर पेट्रोल में पानी मिले होने की शिकायत के बाद गत दिवस को सहायक आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ हुमा हुजूर, नायब तहसीलदार तथा प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरसिंहगढ़ सुनीता देहलवार ने कुरावर स्थित काबरा फ्यूल पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। पंप प्रबंधक हर्ष काबरा की उपस्थिति में स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा पेट्रोल के नमूने लिए गए।

जांच के दौरान विस्फोटक अनुज्ञप्ति में संलग्न नक्शे में तीन डिस्पेंसिंग यूनिट प्रदर्शित होने के बावजूद मौके पर दो डिस्पेंसिंग यूनिट पाई गईं। इसके अलावा पीने के पानी के वाटर कूलर में फिल्टर नहीं लगा पाया गया। हवा की मशीन



बंद मिली तथा दिव्यांगजनों के लिए टायलेट की व्यवस्था नहीं पाई गई। पंप की फायर एनओसी भी उपलब्ध नहीं मिली।

इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में अमानक पेट्रोल की शिकायत पर कुरावर स्थित एम.सी.आर. फ्यूल पेट्रोल पंप की भी जांच की गई। पंप प्रबंधक पवन मारन की उपस्थिति में स्टॉक का भौतिक सत्यापन एवं पेट्रोल की सैंपलिंग की गई। जांच में विस्फोटक अनुज्ञप्ति में संलग्न नक्शे, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जारी एनओसी के नक्शे तथा मौके पर स्थापित डिस्पेंसिंग यूनिट की संख्या एवं भूमिगत टैंकों की क्षमता में भिन्नता पाई गई। निरीक्षण के दौरान पीने के पानी के वाटर कूलर एवं आसपास स्वच्छता का अभाव पाया गया। दिव्यांगजनों के लिए टायलेट की व्यवस्था भी नहीं मिली तथा पंप की फायर एनओसी उपलब्ध नहीं पाई गई। अधिकारियों द्वारा लिए गए पेट्रोल के नमूनों को नियमानुसार जांच के लिए भेजा जाएगा तथा जांच में सामने आई अनियमितताओं के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिले में विकासखंड स्तरीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन 8 तक

ब्यावरा। समग्र शिक्षा अभियान के समावेशित शिक्षा अंतर्गत शासकीय शालाओं में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिले में विकासखंड स्तरीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिला शिक्षा केंद्र राजगढ़ द्वारा एलिमको उज्जैन एवं स्थानीय चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 1 अक्टूबर को जनपद शिक्षा केंद्र जीरापुर, 3 अक्टूबर को खिलचीपुर, 5 अक्टूबर को राजगढ़, 6 अक्टूबर को ब्यावरा, 7 अक्टूबर को सारंगपुर तथा 8 अक्टूबर को नरसिंहगढ़ में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित किया जाएगा। साथ ही जिन बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं, उनके दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाने की कार्यवाही भी की जाएगी। इन शिविरों का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जरूरतों का आकलन कर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना तथा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करना है।

कैमरों से खुला लाखों की चोरी का राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

कुरवाई पुलिस ने सूने मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

मेहलुआ चौराह निवासी देवेंद्र दांगी ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 24 अगस्त को अपने छोटे भाई के पास गंजबासौदा गए थे। 25 अगस्त को लौटने पर घर का दरवाजा टूटा मिला और अलमारी में रखे जेवर व नकदी गायब थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

चोरी का सुराग लगाने पुलिस टीम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। 360 दृष्टि अभियान के तहत लगाए गए कैमरों की रिकॉर्डिंग सहित तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। पुलिस ने 150 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ भी की। इसके बाद मिले सुरागों के आधार पर मेहलुआ चौराहा निवासी 25 वर्षीय आशीष सेन की पहचान हुई।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

3 को लखनवास में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियानअंतर्गत जिले में प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित क्लस्टरों में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 7 अगस्त से प्रारंभ होकर 8 जनवरी, 2027 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत आगामी 03 अक्टूबर को ब्यावरा विकासखंड अंतर्गत लखनवास में उद्यम संवाद आयोजित किया जाएगा।मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत निर्धारित भ्रमण क्षेत्रों में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई में लंबित शिकायतों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का यथासंभव शत-प्रतिशत निराकरण भ्रमण से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने अभियान के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इन पंचायतों के गांव होंगे शामिल

क्लस्टर में लगने वाली पंचायतों में जामी, जामोन्या, मलावर, अरन्या, मोतीपुरा, आमल्याहाट, आगर, चुकल्या, सुन्दरपुरा, कुण्डीखेड़ा, आमडोर, भंवास, लखनवास, सीलखेड़ा, पाडलीगुसाई, पगारा, तालोडी, लसुडलीमहाराजा, मुवालियादांगी, तलावडामहाराजा, गिन्दोरमीना, बोरदा, बांरवा, बाईहेडा, ढकोरा, पीपलहेडा, खजूरिया, बरखेडा (17), मोर्चाखेडी, बागोरी, भगवतीपुर, भूरा, अतरालिया, बरखेडी (नवीन), झरखेडा एवं खांकरातेजा ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं।

मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालुओं की साझा आस्था का प्रमुख केंद्र

देवधरा राजगढ़, हर मंदिर की कहानी आस्था की जुबानी, सात शताब्दियों से होड़ा माता मंदिर में जल रहा आस्था का दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा





जहां आस्था प्रकृति से मिलती है और लोकविश्वास पीढ़ियों की परंपराओं से जुड़कर विरासत का स्वरूप ले लेता है, वही भूमि 'देवधरा राजगढ़' की पहचान बनती है। राजगढ़ जिले के दंड ग्राम में पहाड़ियों के बीच स्थित प्रसिद्ध होड़ा माता मंदिर इसी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। राजस्थान की सीमा से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह प्राचीन मंदिर मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के श्रद्धालुओं के लिए समान रूप से श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। लगभग 700 वर्ष प्राचीन माने जाने वाले इस धार्मिक स्थल पर वर्षभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। माता के दर्शन, पूजन और आशीर्वाद के लिए मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। पहाड़ी पर स्थित मंदिर का प्राकृतिक परिवेश श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक अनुभूति को और गहरा करता है।

विजयासन स्वरूप की मान्यता, होड़ा माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ दरबार' : स्थानीय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मंदिर में विराजित देवी मां दुर्गा के विजयासन स्वरूप की आराधना की जाती है। जनश्रुति है कि महिषासुर एवं रक्तबीज जैसे राक्षसों का वध कर विजय प्राप्त करने के पश्चात माता ने पहाड़ियों पर आसन ग्रहण किया था। विजय के आसन पर विराजमान होने के कारण उन्हें विजयासन माता के रूप में श्रद्धा से स्मरण किया गया। कालांतर में स्थानीय लोकपरंपराओं और जनश्रुतियों के माध्यम से माता का यह दरबार 'होड़ा माता' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच आस्था की शुरुआतः स्थानीय बुजुर्गों एवं पुजारियों के अनुसार, लगभग सात शताब्दी पूर्व यह क्षेत्र घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों से घिरा हुआ था। उस समय यहां माता की छोटी-सी पिंडी अथवा चबूतरे पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना किया करते थे। दंड ग्राम सहित आसपास के ग्रामीणों और चरवाहों की माता के प्रति गहरी आस्था रही है। स्थानीय मान्यता है कि माता ने अपने भक्तों की रक्षा के लिए इस पहाड़ी को अपना निवास स्थान बनाया। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही इसी आस्था ने कालांतर में इस स्थान को एक प्रमुख धार्मिक केंद्र का स्वरूप प्रदान किया।

सीमा नहीं, आस्था जोड़ती है दो राज्यों के श्रद्धालुओं को

राजस्थान सीमा के निकट स्थित होने के कारण होड़ा माता मंदिर की आस्था मध्यप्रदेश और राजस्थान की साझा सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हुई है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार रियासतकाल में इस मार्ग से गुजरने वाले राजा-महाराजा, सैनिक और ग्रामीण भी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते थे। समय बदला, परिस्थितियां बदलीं, लेकिन माता के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था आज भी उसी भाव से कायम है। मध्यप्रदेश और राजस्थान के ग्रामीणों के लिए होड़ा माता का दरबार केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि साझी परंपरा, विश्वास और सांस्कृतिक जुड़ाव का केंद्र है।

अध्यक्ष के लिए राधेश्याम माहेश्वरी के बीच मुकाबला

विदिशा। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ के चुनाव में नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो गई है। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले कुलदीप गुप्ता और अजय जैन बाबा, महामंत्री पद के लिए मयंक अग्रवाल तथा महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए सुमित जैन, रीतेश अग्रवाल और आदर्श अग्रवाल ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। अब अध्यक्ष पद पर राधेश्याम माहेश्वरी और गजेंद्र सिंह रघुवंशी के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद के लिए यशवंत साहू और रीतेश अग्रवाल, महामंत्री के लिए विवेक जैन कुमेड़िया और महेंद्र जैन तथा मंत्री पद के लिए यश जैन और सौमिल अग्रवाल मैदान में हैं।

वाहन बिक्री में गड़बड़ी का आरोप! कांग्रेस ने की जांच की मांग

16 लाख मूल्यांकन, 21 लाख में बिक्री का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सरकार की स्क्रैप नीति के उल्लंघन का आरोप

नगरपालिका के 41 सरकारी वाहनों की बिक्री और स्क्रैप प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कलेक्टर को शिकायत देकर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं। आशीष माहेश्वरी का आरोप है कि करीब 16 लाख मूल्य के 41 वाहनों को लगभग 21 लाख रुपए में बेचा गया। खुली नीलामी होती तो अधिक राजस्व मिल सकता था।

शिकायत में कहा गया कि केंद्र और राज्य सरकार की स्क्रैप नीति के अनुसार 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को अधिकृत आरवीएसएफ सेंटर में स्क्रैप किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इन वाहनों को नगरपालिका परिसर में ही काटकर बेच दिया गया। इसके अलावा जमा प्रमाणपत्र जारी कराने, रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने और आरटीओ से जुड़ी जरूरी औपचारिकताएं पूरी नहीं करने के भी आरोप लगाए गए हैं।